प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 10.04.2024

जनपद-सोनभद्र

थाना घोरावल पुलिस को मिली बड़ी सफलता, मोटर साईकिल चोर गिरोह का पर्दाफास कर मोटर साइकिल चोरी करने वाले 02 नफर अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार, अभियुक्तगण के कब्जे से अलग-अलग स्थानों से चोरी की गयी 07 अदद मोटर साइकिल (अमुमानित कीमत 04 लाख 20 हजार रुपये) बरामद-

आगामी लोक सभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में वाहन चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा वाहन चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में आज दिनांक 10.04.2024 को समय 06.45 बजे थाना घोरावल पुलिस की टीम द्वारा खुटहा बाइपास तिराहे से चेकिंग के दौरान 02 नफर अभियुक्तगण 01. सतीष कुमार यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी ग्राम गुरुवल थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष, 02. ओमप्रकाश यादव पुत्र महेश यादव निवसी ग्राम तेन्दुई थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 23 वर्ष को चोरी की एक मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया तथा एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया । उन्होने बताया कि यह मोटरसाइकिल लगभग डेढ वर्ष पहले जौनपुर पालिटेक्निक चौराहे के पास से चुराये थे। पूछताछ पर उपरोक्त दोनों अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग जौनपुर, इलाहाबाद, मीर्जापुर व अन्य आस-पास के जनपदों से चुराते हैं, चुराने के बाद चेचिस रगड़ देते हैं व नंबर प्लेट निकाल देते हैं तथा कम पैसों में बेच देते हैं। जिनमे भिन्न-भिन्न स्थानों से चुराई गयी 06 मोटर साइकिलों को हम मुख्य लीडर विवेक यादव पुत्र शिव निवास यादव उर्फ मुन्ना यादव निवासी तेन्दुई थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 22 वर्ष के घर रखे हैं। उपरोक्त दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर विवेक यादव उपरोक्त के घर से चोरी की 06 अदद मोटर साइकिल बरामद की गयी जिनके नम्बर प्लेट नहीं है। इस सम्बन्ध में थाना घोरावल पर मु0अ0सं0-39/2024 धारा 41, 411, 414, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों ने पूछताछ करने पर बताया गया कि हम लोगों का मुख्य लीडर विवेक यादव पुत्र शिव निवास यादव उर्फ मुन्ना यादव निवासी तेन्दुई थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 22 वर्ष है। जो हम लोगों का परम मित्र है। एक मोटर साइकिल जौनपुर से तथा 06 मोटरसाइकिलों को हम लोग करछना व नैनी इलाहाबाद से चोरी किये थे। हम तीनों लोग साथ मिलकर जौनपुर, इलाहाबाद, मीरजापुर व आस पास के जिलों से मोटर साइकिलों की चोरी करते हैं तथा उनका चेचिस नंबर मिटाकर तथा नम्बर प्लेट बदलकर/खुरचकर कम दाम पर लोगों को बेचकर पैसे को आपस में बांट लेते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. सतीष कुमार यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी ग्राम गुरुवल थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष ।

2. ओमप्रकाश यादव पुत्र महेश यादव निवसी ग्राम तेन्दुई थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 23 वर्ष ।

वांछित अभियुक्त-

विवेक यादव पुत्र शिव निवास यादव उर्फ मुन्ना यादव निवासी तेन्दुई थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 22 वर्ष।

बरामदगी का विवरणः-

1. हिरो स्पलेण्डर प्रो रंग काला व ग्रे जिसपर नंबर प्लेट नहीं लगा है, चेचिस नंबर रगड़ा हुआ है इंजन नंबर HAI0EREHM79294 है ।

2. हिरो होण्डा स्पलेण्डर प्रो रजिस्ट्रेशन नंबर UP70BU5375 चेचिस नंबर MBLHA10ADC09293 इंजन नंबर HA10EHC9C11113 ।

3. हिरो सुपर स्पलेण्डर रजिस्ट्रेशन नंबर UP60AJ0969 चेचिस नंबर MBLJAR034J9E53165 इंजन नंबर JA05EG79E03050 ।

4. हिरो स्पलेण्डर प्लस रजिस्ट्रेशन नंबर UP70BN6399 चेचिस नंबर MBLHA10CGGHK72155 इंजन नंबर HA10ERGHJ01692 ।

5. हिरो स्पलेण्डर प्लस चेचिस नंबर MBLHAR084HHF इंजन नंबर HA10AGHHFE1652 ।

6. होण्डा साइन रजिस्ट्रेशन नंबर UP70EY1349 चेचिस नंबर ME4JC73AEKG022127 इंजन नंबर GC73EG0039871 ।

7. हिरो सुपर स्पलेण्डर प्लस रजिस्ट्रेशन नंबर UP70BL9457 ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार पाल, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र ।
2. उ0नि0 शिवकुमार सिंह चौकी प्रभारी कस्बा घोरावल थाना घोरावल जनपद सोनभद्र।
3. उ0नि0 अजय पाण्डेय थाना घोरावल जनपद सोनभद्र।
4. हे0का0 अभिषेक सिंह, थाना घोरावल जनपद सोनभद्र।
5. हे0का0 रामेश्वर प्रसाद थाना घोरावल जनपद सोनभद्र।
6. हे0का0 राजीव कुमार थाना घोरावल जनपद सोनभद्र।